प्रेस विज्ञप्ति

# ल्यूमिनस ने भारत में सोलर फाइनैंसिंग को बढ़ावा देने के लिए एसबीआई के साथ की साझेदारी

**एसबीआई ने सोलर लोन के लिए अपने निर्धारित पोर्टल में ल्यूमिनस को अनुशंसित साझेदार के रूप में ऑनबोर्ड किया है**

**यह साझेदारी कमर्शियल एवं इंडिस्ट्रियल सेक्टरों में उपभोक्ताओं के लिए रु 10 करोड़ तक का लोन उपलब्ध कराएगी**

**नई दिल्ली, 27 मार्च, 2025:** देश में सोलर अडॉप्शन को बढ़ावा देने के प्रयास में भारत की अग्रणी सोलर एनर्जी समाधान कंपनी ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज़ ने देश के सबसे बड़े बैंक एसबीई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य देश भर के नागरिकों के लिए सोलर फाइनैंसिंग को सुलभ बनाना है। देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई, जिसका 22000 से अधिक शाखाओं का व्यापक वितरण नेटवर्क है, के साथ साझेदारी में ल्यूमिनस ने फाइनैंसिंग से लेकर इंस्टॉलेशन तक उपभोक्ताओं के लिए सोलर एनर्जी के अडॉप्शन को आसान बनाने का लक्ष्य रखा है।

ल्यूमिनस ने अगले दो दशकों के लिए एसबीआई के साथ यह साझेदारी की है, जिसके तहत सोलर लोन के लिए एसबीआई के निर्धारित पोर्टल पर ल्यूमिनस को अनुशंसित पार्टनर क रूप में ऑनबोर्ड किया गया है। इसके अलावा यह साझेदारी कई फाइनैंसिंग सब–कैटेगरीज़ में भी विस्तारित की गई है जैसे सोलर सोल्युशन फाइनैंस, सप्लाई चेन फाइनैंस, ताकि उपभोक्ताओं को उनकी एनर्जी की विभिन्न ज़रूरतों के लिए फाइनैंशियल समाधान आसानी से सुलभ हो सकें। एमएसएमई, कॉर्पोरेट, इंस्टीट्यूशनल एवं इंडस्ट्रियल सहित सभी सेगमेन्ट्स को कवर करते हुए यह साझेदारी स्थायी उर्जा के अडॉप्शन के लिए फाइनैंशियल सहयोग उपलब्ध कराएगी।

इस समझौते के तहत विभिन्न सेक्टरों के योग्य उपभोक्ताओं को रु 10 करोड़ तक के लोन उपलब्ध कराएग जाएंगे, ताकि सोलर अडॉप्शन में आने वाली आर्थिक बाधाओं को दूर किया जा सके। इसके तहत उपभोक्ता लोन प्रोसेसिंग शुल्क में कमी, लोन पर विशेष ब्याज़ दर जैसे फायदों का लाभ उठा सकेंगे, इस तरह उन्हें मार्केट में फाइनैंसिंग के सबसे प्रतिस्पर्धी विकल्प मिलेंगे।

ये लोन 10 साल की अवधि तक के लिए दिए जाएंगे, और उपभोक्ता के क्रेडिट प्रोफाइल के आधार पर ब्याज़ दर तय की जाएगी, इसके तहत अधिकतम रु 10 करोड़ तक का लोन लिया जा सकता है।

**साझेदारी पर बात करते हुए प्रीति बजाज, सीईओ, एमडी, ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज़, ने कहा,** *''कमर्शियल एवं इंडस्ट्रियल सेक्टर के उपभोक्ताओं को आधुनिक सोलर इंस्टॉलेशन एवं सर्विस हेतु सोलर फाइनैंसिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एसबीआई के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। पिछले साल हमने देश भर में किए सर्वेक्षण में पाया कि भारत में सोलर अडॉप्शन के लिए सोलर फाइनैंसिंग सबसे बड़ी बाधा है। ऐसे में यह साझेदारी सोलर एनर्जी समाधानों के अडॉप्शन को आसान एवं किफ़ायती बनाकर इस अंतर को दूर करने में कारगर होगी। सोलर यात्रा में फाइनैंसिंग समाधानों को शामिल कर हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग एवं कारोबार आत्मविश्वास के साथ स्वच्छ उर्जा समाधानों को अपना सकें।''*

**अमित शुक्ला, हैड, एनर्जी सोल्युशन्स बिज़नेस, ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज़ ने कहा,** *''एसबीआई के साथ साझेदारी भारत के सोलर अडॉपशन में योगदान देने के हमारे दृष्टिकोण को समर्थन प्रदान करेगी। एसबीआई एक भरोसेमंद नाम है जिसकी पहुंच देश के हर कोने में है। उनके बैंकिंग समाधान और हमारे आधुनिक सोलर समाधानों का संयोजन लोगों एवं उद्यमों तक सोलर एनर्जी के अडॉप्शन को बढ़ाने में कारगर होगा। यह साझेदारी स्वच्छ उर्जा को सुलभ एवं किफ़ायती बनाने और स्थायी भविष्य की ओर उपभोक्ताओं के रूपान्तरण को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।''*

देश भर में अपनी सशक्त मौजूदगी के साथ ल्यूमिनस ने सोलर प्रोडक्टस, इंस्टॉलेशन्स, सालाना रखरखाव, फाइनैंसिंग एव इंश्योरेन्स समाधानों का व्यापक सिस्टम बनाया है। एसबीआई के व्यापक वितरण नेटवर्क का उपयोग कर यह साझेदारी फाइनैंसिंग से लेकर सोलर इंस्टॉलेशन तक उपभोक्ताओं की पूरी यात्रा को आसान एवं त्वरित बनाएगी।

उपभोक्ता बैंक की शाखा या ऑनलाईन प्लेटफॉर्म के माध्यम से एसबीआई क अनुशंसित पार्टनर्स में से ल्यूमिनस को चुन सकते हैं। ल्यूमिनस का डिजिटल प्लेटफॉर्म साईट असेसमेन्ट से लेकर फाइनैंसिंग एवं एन्युअल मेंटेनेन्स कॉन्ट्रैक्ट तक 100 फीसदी प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट उपलब्ध कराता ह, फिर चाहे उपभोक्ता व्यक्तिगत कन्सलटेशन चाहते हैं या पूरी तरह डिजिटल अनुभव की उम्मीद रखते हैं।

एसबाई के साथ इस साझेदारी के दायरे से बढ़कर लयूमिनस ने 10 अन्य प्रमुख लोन सेवा प्रदाताओं –एसबीआई, सिडबी, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी, आईडीएफसी, यैस बैंक, क्रेडिटफेयर, ईकोफाय, ईएफएल, अन्नापूर्णा, उगरो कैपिटल, बजाज फिनसर्व, सीमेन्स, फाइनैंशियल सर्विसेज़, एरेम, फ्यूज़न माइक्रोफाइनैंस के साथ भी साझेदारी की है, ताकि इनकी फाइनैंस सुविधाओं का अधिक से अधिक ओद्योगिक सेगमेन्ट्स एवं भोगोलिक क्षेत्रों तक पहुंचाया जा सके। ये प्रयास उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए देश भर में सोलर एनर्जी को सुलभ बनाने की ल्यूमिनस की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

**About Luminous Power Technologies**

Luminous Power Technologies is a powerful and trustworthy brand with a wide range of innovative products in the power backup and residential solar space that covers inverters Batteries and solar solutions. Luminous has been in business for 37 years now. Recently CRISIL has upgraded its credit rating to AAA+. With 8 manufacturing units, more than 28 sales offices in India, and a presence in over 40 countries, our 6000 employees serve more than 100,000 channel partners and millions of customers. Our motto has always been Customer Delight through Innovation and passion with a focus on Execution & teamwork.